# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 157 / 2024

## माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2024 के इन्टरनल एसेसमेन्ट / प्रायोगिक परीक्षा हेतु सामग्रियों की आपूर्ति के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि **माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2024 के इन्टरनल एसेसमेन्ट / प्रायोगिक परीक्षा (दिनांक 29.04.2024 से 30.04.2024 तक) के लिए आवश्यक सभी सामग्रियाँ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आपूर्ति की जा चुकी है, जो दिनांक 27.04.2024 से वितरण हेतु उपलब्ध रहेगी।**

2. संबंधित सभी विद्यालयों के प्रधान से अनुरोध है कि आपके विद्यालय के लिए आपूरित सामग्रियाँ **दिनांक 27.04.2024** को अनिवार्य रूप से प्राप्त कर इनकी जाँच कर पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त सुरक्षित संधारित कर लेंगे तथा निर्गत निदेश के अनुरूप इनका उपयोग करते हुए **दिनांक 29.04.2024 से 30.04.2024 तक** इन्टरनल एसेसमेन्ट / प्रायोगिक परीक्षा संचालन कराकर व्यवहृत गोपनीय सामग्रियाँ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में **दिनांक 03.05.2024 तक** जमा करायेंगे।

3. आपूरित सामग्री में से कोई सामग्री अप्राप्त, त्रुटिपूर्ण हो अथवा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर इसकी सूचना अविलंब परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) के मोबाईल नंबर– **9431057268**, उप परीक्षा नियंत्रक (मा0) के मोबाईल नंबर– **7979815223**, अपर सचिव, भंडार के मोबाईल नंबर– **9431632392** तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, मा०) के मोबाईल नंबर– **9661704660, 9431880913** पर देकर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों से अनुरोध है कि कंडिका–1 एवं 2 के आलोक में अपने स्तर पर सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए आपूरित सामग्रियों का वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा उक्त परीक्षा के निमित्त कार्रवाई हेतु अपने अधीनस्थ संबंधित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट निदेश देने की कृपा करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**

Scanned with CamScanner

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 156/2024

## इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) परीक्षा, 2024 के सफल संचालन हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों, उनके अभिभावक, शिक्षण संस्थान के प्रधान, सैद्धान्तिक/प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) परीक्षा, 2024 के सफल संचालन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। **नियंत्रण कक्ष दिनांक– 28.04.2024 से 11.05.2024 तक एवं दिनांक 14.05.2024 से 16.05.2024 तक पूर्वाह्न 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।**

2. परीक्षा संचालित होने के क्रम में किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को किसी प्रकार की समस्या होने पर समिति के नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) के **दूरभाष नम्बर– 0612–2232227 अथवा 0612–2232257** पर सूचित कर समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)

Scanned with CamScanner